SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

**1009**

# योगात्मक आकलन (I)

SUMMATIVE ASSESSMENT (I)

**A**

## 2026-2027

Time : 90 Mins
Cool off time : 15 Mins

Third Language

STD. X
Score : 40

## Hindi

---

**सूचना : 'खिड़की' लघुकथा का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> मैंने पत्नी को इशारा किया, तो उसने आँखें तरेरकर मुझे चुप रहने का संकेत दिया। "अच्छा पाँच पीस लूँ तो कितने के दोगी?" "दो सौ रुपए पर पीस ले लेना दीदी!" "न! सौ रुपए पर पीस!" "दीदी! सौ तो बहुत कम है!" –कहते हुए उसका गला रुँध गया और उसकी कजरारी आँखें भर आईं।

1. युवती ट्रेन में क्या बेच रही थी? 1

   (क) मिठाई (ख) शॉल
   (ग) पानी (घ) साड़ी

2. युवती की आँखें क्यों भर आईं? 2

3. लघुकथा के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

**सूचना : 'हाइकु' की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।**

> पिता ने ढूँढ़ीं
> लाठियाँ बुढ़ापे की
> दीखती नहीं

4. 'बुढ़ापा' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? 1

   (क) यौवन (ख) शैशव
   (ग) वृद्धावस्था (घ) बचपन

5. इस हाइकु का संदेश क्या है? 2

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 6 और 7 के उत्तर लिखें।**

हमारी ओर मुड़कर छोटू से बोला, "वॉट इज युअर नेम?" छोटू ने सहमते हुए कहा, "मुझे अंग्रेज़ी नहीं आती ।" मुझसे पूछा, "तुम क्या करते हो?" मैंने कहा, "मैं शिक्षक था, बच्चों को पढ़ाता था, अब रिटायर हो गया हूँ।" मेरी आवाज़ स्थिर थी लेकिन अंदर ही अंदर मैं डरा हुआ था। वह चुप रहा, मानो कहीं खो गया हो। मानो कुछ याद कर रहा हो।

6. लेखक के डर के क्या-क्या कारण हैं? 2

7. इस प्रसंग के आधार पर लेखक और पागल आदमी के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

**अथवा**

इस प्रसंग के आधार पर छोटू और लेखक के बीच की **बातचीत** कल्पना करके लिखें।

**सूचना : 'मेरी दुनिया के तमाम बच्चे' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एक दिन तुम्हारे महफ़ूज़ घरों से बच्चे
बाहर निकल आएँगे
और पेड़ों पे घोंसले बनाएँगे
उन्हें गिलहरियाँ काफ़ी पसंद हैं
वो उनके साथ ही बड़ा होना चाहेंगे

8. नीचे दिए प्रस्ताव पढ़ें और सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

    i) बच्चे अपने आसपास के सभी पेड़ काटना चाहते हैं।
    ii) बच्चे गिलहरियों को बहुत चाहते हैं।
    iii) बच्चे अपने सहजीवियों के साथ बड़ा होना चाहते हैं ।
    iv) बच्चे हमेशा अपने घरों के अंदर ही रहना चाहते हैं।

    (क) i और ii सही हैं।    (ख) iii और iv सही हैं।
    (ग) ii और iii सही हैं।    (घ) i और iv सही हैं।

9. समान आशय वाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। 2

दुनिया के तमाम बच्चे एक दिन तुम्हारा नियंत्रण तोड़कर बाहर निकलेंगे।



OXFORD

10. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें। 4

**अथवा**

कविता की इन पंक्तियों की **विश्लेषणात्मक टिप्पणी** लिखें।

**सूचना : 'रैन बसेरे में...' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 11 और 12 के उत्तर लिखें।**

"रात को एक पागल ने हमें बहुत परेशान किया। घंटे-डेढ़ घंटे तक हमें डराता-धमकाता रहा। वह हमें पीट भी सकता था।" "वे मेरे पिता हैं। पागलपन का दौरा पड़ता है, तभी ऐसी हरकतें करते हैं।"

11. कोष्ठक के शब्दों की मदद से वाक्य विस्तार करें। 3

(गुरु का , पागल , बड़ा)

आदमी ने सम्मान किया।

..................................

..................................

..................................

12. आपके स्कूल में 2026 सितंबर 5 को शिक्षक दिवस समारोह मनाने जा रहा है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना : 'व्हाइट कैप' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।**

आखिर कुछ दिनों अकुलाते पड़े रहने के बाद केशव उस डेरे से बाहर निकला। आस-पास की दूसरी कॉलोनियों के उसने चक्कर लगाए, फिर एक कॉलोनी के पास लड़कों को क्रिकेट खेलता देखकर ठहर गया। वह दूर एक नीम के पेड़ के नीचे छाया में बैठ गया। बाकी लड़के निश्चिंत होकर क्रिकेट खेलते रहे।

13. नीम के पेड़ के नीचे बैठकर केशव ने क्या-क्या सोचा होगा ? 2

14. इस प्रसंग के आधार पर केशव की **डायरी** कल्पना करके लिखें। 4

**अथवा**

इस प्रसंग का वर्णन करते हुए दादाजी के नाम केशव का **पत्र** लिखें।

OXFORD

**सूचना : नीचे दिए खंड पढ़ें और 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कश्मीर धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहाँ के बर्फ़ वाले ऊँचे पहाड़ बहुत सुंदर हैं। श्रीनगर की डल झील और उसमें चलने वाली नावें बहुत मनमोहक हैं। यहाँ के हरे मैदान और पेड़ कश्मीर को और भी सुंदर बनाते हैं। कश्मीर के सेब दुनिया भर में मशहूर हैं।

15. इस खंड के लिए उचित शीर्षक दें। 1

16. (क) 'उसमें' में निहित सर्वनाम कौन-सा है ? 2

(ख) इस वाक्य से विशेषण शब्द चुनकर लिखें ।

कश्मीर में ऊँचे पहाड़ हैं।

17. कश्मीर किसके लिए बहुत प्रसिद्ध है? 1

(क) सेब के लिए (ख) आम के लिए

(ग) केले के लिए (घ) संतरे के लिए

■ ■ ■

OXFORD